महिला सशक्तिकरण पर जोरः एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल : महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज द्वारा किया गया। इस अवसर पर महिला दिवस की थीम 'गिव टू गेन (देकर पाएं)' रखी गई, जिसका उद्देश्य लैंगिक समानता के लिए पारस्परिक सहयोग और समर्थन की भावना को मजबूत करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना के साथ हुई। प्रो. मुकेश कुमार साहू ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं सृष्टि की सृजनकर्ता हैं और उनके बिना समाज के अस्तित्व की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की आवश्यकता पर जोर दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. सुषमा शर्मा (एनएलआईयू), ईशा कालिया (सीईओ एंड फाउंडर, विज्ञ इनकोरपोरेशन) तथा प्रो. नलिनी मिश्रा (डीन, एलएन मेडिकल कॉलेज एवं जेके सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल) उपस्थित रहीं। प्रो. सुषमा शर्मा ने महिलाओं के अधिकारों और संवैधानिक प्रावधानों पर प्रकाश डाला। ईशा कालिया ने महिलाओं को वित्तीय प्रबंधन और वित्तीय स्वायत्तता के महत्व से अवगत कराया, जबकि प्रो. नलिनी मिश्रा ने महिलाओं की चिकित्सीय समस्याओं और उनकी देखभाल से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में पूनम चौकसे (वाइस चेयरपर्सन, एलएनसीटी ग्रुप) ने कहा कि नारी का सम्मान ही समाज की असली पहचान है। इस अवसर पर जय नारायण चौकसे, डॉ. श्वेता चौकसे, प्रो. एन. के. थापक, डॉ. अजीत सोनी, प्रो. ए. के. सिंघई और प्रो. आर. के. चौरसिया सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. योगिनी उपाध्याय, सौम्या दुबे और रजत ऊमरे का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों का ओसवाल डेनिम लिमिटेड में औद्योगिक भ्रमण

नप्र, भोपालः स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी, भोपाल के स्कूल ऑफ बैंकिंग, फाइनेंस एंड कॉमर्स द्वारा बी.कॉम के विद्यार्थियों के लिए राजगढ़ जिले के पिलुखेड़ी स्थित ओसवाल डेनिम लिमिटेड का औद्योगिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योगों की कार्यप्रणाली तथा वित्तीय प्रबंधन की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को उद्योगों में प्रबंधन, लागत नियंत्रण और सप्लाई चेन मैनेजमेंट की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया गया। छात्रों ने कक्षा में पढ़ाए गए सिद्धांतों को वास्तविक औद्योगिक प्रक्रियाओं से जोड़कर समझा। उन्हें यह भी जानकारी दी गई कि उद्योग कार्यशील पूंजी, मशीनरी के लिए टर्म लोन, ट्रेड फाइनेंस और निर्यात वित्त जैसी बैंकिंग सेवाओं पर किस प्रकार निर्भर रहते हैं।

उद्योग प्रबंधन द्वारा वित्तीय योजना, बजटिंग और क्रेडिट सुविधाओं की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों ने सीखा कि उद्योग नकदी प्रवाह, वित्तीय जोखिमों और बैंकों तथा वित्तीय संस्थानों के साथ अपने संबंधों का प्रभावी प्रबंधन कैसे करते हैं। इस अवसर पर ओसवाल डेनिम लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट (एचआर एंड एडमिन) मयंक बाजपेयी ने कंपनी की संगठनात्मक संरचना की जानकारी देते हुए प्रशिक्षण, प्लेसमेंट और भर्ती प्रक्रिया के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया।

केन्द्रीय संस्कृत विवि में राष्ट्रीय व्याकरण शोध संगोष्ठी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल : भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद एवं केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर के व्याकरण विद्याशाखा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को राष्ट्रीय व्याकरण शोध संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन परिसर के प्रकोष्ठ क्रमांक 103 में किया गया और इसका विषय 'नवाह्निक व्याकरण महाभाष्य कोश समीक्षा एवं तत्सम्बन्धित' रहा।

संगोष्ठी में परिसर के प्राध्यापक, शोधार्थी और व्याकरण विभाग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण किया गया और नवाह्निक व्याकरण महाभाष्य कोश समीक्षा विषय पर विचार-विमर्श हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में व्याकरण विद्याशाखा के अध्यक्ष प्रो. सुबोध शर्मा उपस्थित रहे।

मुख्य वक्ता प्रो. अशोक चन्द्र गौड़ शास्त्री ने व्याकरण परंपरा और महाभाष्य की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता भोपाल परिसर के निदेशक प्रो. हंसधर झा ने की। संगोष्ठी के संयोजक प्रो. प्रदीप कुमार पाण्डेय रहे, जबकि कार्यक्रम का संचालन डॉ. राहुल शर्मा ने किया। अंत में डॉ. नंदकिशोर तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

संगोष्ठी ने विद्यार्थियों और शोधार्थियों को व्याकरण परंपरा, महाभाष्य और संबंधित शोध कार्यों को समझने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया।

बीपीसीएल बीना रिफाइनरी और स्माइल ट्रेन इंडिया की पहल से बच्चों को मिली नई मुस्कान

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल : भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) बीना रिफाइनरी और स्माइल ट्रेन इंडिया की साझेदारी से मध्य प्रदेश के सागर और भोपाल संभाग में कटे होंठ और तालू से जूझ रहे बच्चों के जीवन में नई उम्मीद जगी है। इस पहल के तहत 11 जिलों में बच्चों को निःशुल्क सर्जरी और उपचार सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

अक्टूबर 2025 से अब तक करीब 250 बच्चों की सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण सर्जरी की जा चुकी है। कार्यक्रम के अंतर्गत समुदाय स्तर पर जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं, जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों तक उपचार की जानकारी पहुंच सके। साथ ही स्माइल ट्रेन का टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर जिला अस्पतालों में प्रदर्शित किया गया है।

बीपीसीएल बीना रिफाइनरी के जनरल मैनेजर (एचआर) शिरीष चांदेकर ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य में निवेश करना देश के भविष्य में निवेश करने के समान है। वहीं स्माइल ट्रेन इंडिया की अंजली कटोच ने कहा कि हर सर्जरी किसी बच्चे के जीवन में नया अवसर और परिवार के लिए नई उम्मीद लेकर आती है।

भारत में हर वर्ष लगभग 35,000 बच्चे कटे होंठ और तालू के साथ जन्म लेते हैं, जिनके लिए समय पर उपचार बेहद जरूरी होता है।

महिला रेल कर्मियों के स्वास्थ्य व आत्म-सशक्तिकरण के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

भोपाल। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 9 मार्च को पश्चिम मध्य रेल, भोपाल मंडल द्वारा नर्मदा क्लब में महिला कर्मचारियों के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य, आत्म-सशक्तिकरण तथा जागरूकता को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में योग गुरु श्री महेश अग्रवाल उपस्थित रहे। उन्होंने मेडिटेशन (ध्यान), संतुलित आहार, नियमित व्यायाम तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर विस्तृत जानकारी देते हुए महिला कर्मचारियों को व्यावहारिक सुझाव प्रदान किए। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वस्थ महिला ही एक सशक्त परिवार और समृद्ध समाज की मजबूत नींव होती है।

कार्यालय वनमंडलाधिकारी पश्चिम बैतूल (सा.) वनमंडल

07141-234708 (कार्यालय), मोबाईल नं. 9424790500 E-Mail-dfotwbetul@mp.gov.in
क्रमांक/स्टोर/2026/51 बैतूल दिनांक :-02/03/2026

निविदा विज्ञप्ति सूचना

समस्त प्रदायकार्ताओं को सूचित किया जाता है कि बैतूल जिले के पश्चिम बैतूल (सा.) वनमण्डल के अंतर्गत कार्यालयीन उपयोग हेतु डेस्क टॉप कम्प्यूटर एवं अन्य सामग्री के क्रय हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के लिये आवेदन Online माध्यम से बेबसाईट https://gem.gov.in द्वारा ही स्वीकार किया जावेगा। विवरण निम्नानुार है।

BID NO: GEM/2026/B/7312175
Items: High End Desktop Computer, Mult...
Start Date:03-03-2026 4:11 PM
End Date:16-03-2026 7:00 PM

वनमंडलाधिकारी
पश्चिम बैतूल (सा.) वनमंडल
जी-26957/25

पश्चिम मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैः- **(1) निविदा संख्याः** विद्युत-सा.-भो.-नि.-04-2026 **कार्य का नामः** SSE/M/RKMP, SSE/M/BPL, SSE/PRS/BPL, SSE/M/BINA, JE/M/BHS etc. आदि के अधिकार क्षेत्र में AC यूनिट्स और वॉटर कूलर्स के लिए 36 महिने (AMC पीरियड) के लिए सालाना रनिंग मेंटेनेंस कॉन्ट्रेक्ट। **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 36 माह **अनुमानित लागतः** ₹2656499.83/- **अग्रिम राशिः** ₹ 53100/- **निविदा बंद होने की तिथि व समयः** 23/03/2026, 11.00 बजे। संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं निविदा सूचना अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। निविदा/ निविदायें हेतु मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं है तथा ऐसा कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उसे मान्य नहीं किया जायेगा। इस निविदा में आवश्यक संशोधन यदि लागू हो तो वेबसाइट पर लोड कर दिया जायेगा तथा ऐसे संशोधन कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी लगाये जायेगें जिसे निविदा बंद होने के समय तक देखा जा सकता है। ठेकेदार को निविदा में भाग लेने की पात्रता जानने के लिए एवं निविदा के साथ संलग्न करने दस्तावेज जानने के लिए IREPS पर अपलोड किए गए सभी निविदा दस्तावेजों को सभी शर्तों के साथ ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए। प्रस्ताव के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों आदि को ही निविदा को अंतिम रूप देने के लिए विचार किया जाएगा।

वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य)
मं.रे.प्र. कार्यालय पश्चिम मध्य रेल, भोपाल
रानी कमलापति स्टेशन के समीप

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी

म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल

आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, सॉची काम्पलेक्स, बोर्ड आफिस के सामने, शिवाजी नगर, भोपाल में स्थित दुकान क्रमांक जी-7 (भू तल) मण्डल द्वारा मेसर्स मार्डन ऑयल एजेन्सी द्वारा प्रोपराईटर सैय्यद मसूद अली आत्मज श्री एम. अली के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 01/05/1999 को पंजीकृत है। मेसर्स मार्डन ऑयल एजेन्सी द्वारा प्रोपराईटर सैय्यद मसूद अली आत्मज श्री एम. अली द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती राधा सक्सेना पत्नी श्री प्रवीण सक्सेना को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय किया गया, जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय में दिनांक 06/05/2002 को पंजीकृत किया गया है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती राधा सक्सेना पत्नी श्री प्रवीण सक्सेना के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1 भोपाल

भारत सरकार आठवां केंद्रीय वेतन आयोग

सार्वजनिक सूचना

भारत सरकार ने 3 नवंबर, 2025 के संकल्प द्वारा आठवें केंद्रीय वेतन आयोग का गठन किया है। आयोग के विचारणीय विषय इसकी वेबसाइट (8cpc.gov.in) पर उपलब्ध हैं।

2. आयोग सेवारत कर्मचारियों/पेंशनभोगियों के संघों/यूनियनों,इच्छुक संगठनों/संस्थानों/व्यक्तियों से विचारणीय विषयों के अनुसार ज्ञापन/अभ्यावेदन आमंत्रित करता है। ये ज्ञापन 8cpc.gov.in या MyGov.in पोर्टल (innovateindia.mygov.in) पर उपलब्ध ऑनलाइन निश्चित प्रारूप के माध्यम से प्रस्तुत किए जा सकते हैं। यह भी अनुरोध है कि सभी प्रस्तुतियाँ केवल इसी पोर्टल के माध्यम से ही की जाएँ। ज्ञापन/अभ्यावेदन की हार्ड/भौतिक/ईमेल/पीडीएफ प्रतियों पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।

3. ज्ञापन/अभ्यावेदन/प्रस्तुतियाँ 30 अप्रैल, 2026 तक ही स्वीकार की जाएंगी ।

मनीष कुमार
निदेशक
आठवां केंद्रीय वेतन आयोग
CBC 15116/11/0001/2526

3897

सूडोकु नवताल- 7714

★☆☆☆☆ सरल

7	8	6		1		5		2
	9			8				3
1			6	9		7		
	3	8	2		1			
2	7	5				6	3	1
			5		7	2	8	
		9		7	4			6
8				2			5	
4		2		5		9	1	7

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7713 का हल

2	9	5	3	1	4	6	8	7
3	6	1	2	8	7	4	9	5
8	4	7	5	9	6	3	2	1
5	7	4	1	6	2	8	3	9
1	3	6	9	4	8	5	7	2
9	8	2	7	3	5	1	4	6
6	2	8	4	7	1	9	5	3
4	5	3	6	2	9	7	1	8
7	1	9	8	5	3	2	6	4

काकुरो पहेली - 7387



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो - 7386 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8784



बाएँ से दाएँ

1. नियंत्रण, घोड़े की रास-3
3. ध्वज, झंडा-3
5. माहिर, होशियार-2
6. बेल, लतिका-2
8. अस्वीकृत करना-4
11. अदृश्य-3
13. फटकार, धिक्कार-3
14. अधर, होंठ-2
15. सलाह, सुझाव-2
16. आश्रय-3
18. अनुमान, अंदाज-3
20. आलता, माहुर-4
23. नासिका-2
25. रहस्य-2
26. रेखा, लाइन-3
27. परिमूल्य-3

ऊपर से नीचे

1. लाख, सौ हजार-2
2. बारीक, सूक्ष्म-3
3. तीन घंटे का समय-3
4. समय, वक्त-2
5. कोतवाल-3
7. बल, जोर, दम-3
9. श्रवणेंद्रिय-2
10. जो लायक न हो-4
12. कृष्ण के बड़े भाई-4
16. दर्पण, शीशा-3
17. नौका -2
19. आसान, सरल-3
21. उपस्थित-3
22. रस से भरा-3
24. बीता हुआ दिन-2
25. रजनी, निशा-2

शब्द पहेली -8783 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7211



बायें से दायें:-

१. जतिन ग्रेवाल, यश पाठक, नेहा की 'चलती है पुरवाई' गीतवाली फिल्म-३
३. 'मेरा मन तेरा प्यासा' गीत वाली देव आनंद, जाहिदा, जाहिरा की फिल्म-४
६. सनी, मीनाक्षी की सोचना क्या जो भी होगा' गीत वाली फिल्म-३
८. 'कब तक हुजूर रूठे रहोगे' गीत वाली जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-३
१०. धर्मेन्द्र, हेमा, रीना राय की 'नागिन सा रूप है तेरा' गीत वाली फिल्म-४
११. 'सपने में मिलती है' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज, उर्मिला की फिल्म-२
१२. रघुवीर यादव, कुणालकपूर, तब्बू, नादिरा बब्बर की 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'क्या करे क्या ना करें' गीत वाली जैकी श्रॉफ, उर्मिला की फिल्म-३
१६. सनी देओल, करिश्मा की 'छम्मक छल्लो जरा धीरे' गीत वाली फिल्म-३
१७. जैकी श्रॉफ, संजय, माधुरी की फिल्म-५
१९. फारूख शेख, नसीरूद्दीनशाह, दीप्ति नवल की सई परांजपे निर्देशित एक फिल्म-२
२२. 'कंधों से मिलते हैं कंधे' गीत वाली अमिताभ, रितिक, प्रीति की फिल्म-२
२३. राकेश रोशन, रेखा की 'सुन सुन सुन दीदी तेरे लिये' गीत वाली फिल्म-५
२५. 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली अमजद खान, विनोद मेहरा, बिंदिया गोस्वामी की फिल्म-२
२६. संजय दत्त, सलमान खान, रवीना की 'सुनो गौर से' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'जिसका मुझे था इंतजार' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-२
२९. मिलिंद सोमण, विक्रम सलूजा, किरण झवेरी की फिल्म-३
३०. फिल्म 'रफूचक्कर' में नायिका थी-२

ऊपर से नीचे:-

१. 'मेरा नाम है चमेली' गीत वाली संजीव कुमार, नाजिमा, कुमकुम की फिल्म-२,२,२
२. तुषार कपूर, अंतरा माली की 'मैं लव तुमसे' गीत वाली फिल्म-३
४. 'सिर्फतुम ही तो हो जिसपे' गीत वाली शम्मीकपूर, साधना की फिल्म-५
५. अभिषेक बच्चन, भूमिका चावला की 'दिल में जो बात' गीत वाली फिल्म-२
७. 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली आमिरखान, ग्रेसीसिंह की फिल्म-३
९. संजयखान, बबीता की 'आ लगजा गले' गीत वाली फिल्म-२,२
१३. 'रूखी सूखी रोटी' गीत वाली अनिल कपूर, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
१५. 'क्या सही प्यार है' गीत वाली फिल्म 'रॉकी' में संजयदत्त, के साथ नायिका कौन थी-३
१६. जीतेंद्र, श्रीदेवी की 'आई लव यू आई लव यू' गीत वाली फिल्म-५
१८. 'ओफ्फो जलता है बुझता है' गीत वाली सनी, सोहेल, सुनील, जॉन अब्राहम, नौहीद की फिल्म-३
२०. संजय दत्त, माधुरी दीक्षित की 'तम्मा तम्मा लोगे' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'लो आगई उनकी याद' गीत वाली मनोज कुमार, आशा पारेख की फिल्म-१,३
२४. अक्षय कुमार, करीना कपूर की 'तूने कहा जब से हाँ' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'और क्या अहद ए वफा' गीत वाली सनी देओल, अमृतासिंह की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 7210

अ	नि	ता		रो	श	नी		धू	म
क्स		क	सौ	टी		ल	ज्जा		स्त
	अं	त		क	स	म		भा	
जो	श		कं	प	नी		आ	र	जू
रू		दि		ड़ा		जी	न	त	
का	ज	ल		औ	र	त			पा
गु		ज	रू	र	त		पा	ल	की
ला	ड़	ला		म	न		य		जा
म			शा	का		जा	ल		
	फ	र	दी	न	खा	न		फि	दा

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग- 7320

5	1		4	2		7
	31		28		30	1
		7	3		2	
4	33		29	1	31	6
3		1		5		
	34	6	35		40	3
2	3		1	6	7	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7319 का हल

5	7	2	4	1	6	3
2	23	1	26	6	40	6
1	2	3	4	5	6	7
4	32	4	32	4	32	4
7	6	5	4	3	2	1
6	47	7	35	7	26	2
3	7	6	1	2	4	5

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 8320

कु	क	ल	ह	वा	म	ह	ल	सी	गे	ज
र	तु	ल	दे	र	ण	थ	म्भौ	र	ट	वा
त	स	ब	ल	र्म	छ	रा	रा	औ	वे	द
वि	ज	ज	मी	पु	र	रा	प	र	ऑ	ब
वे	गा	इं	ग	ना	लं	ज	जं	गी	फ	निं
का	क	व	डि	ह	र	पू	त	ता	इं	ग
नें	अ	स	त	या	प	त	र	ज	डि	ट्रे
द	ता	दा	ई	ह	गे	सा	मं	ड	या	ला
स्मा	बा	चे	न	ब्रा	जी	ट	त	ल	प	ल
र	पा	ला	ल	शो	ले	दु	र	झी	स्त्री	कि
क	रा	जी	व	ता	ज	म	ह	ल	म	ला

शब्दजाल में दस पर्यटन स्थलों के नाम ढूंढिए. दिये गए नाम उपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

ताजमहल,लालकिला,कुतुबमीनार,जंतर मंतर,इंडिया गेट, हवा महल, गेटवे ऑफ इंडिया,डलझील,विवेकानंद स्मारक, रणथम्भौर

शब्दजाल - 8319 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore